# रणवीर को धमकी देने वाला लॉरेंस के गैंग से !



रणवीर सिंह को धमकी मिलने के मामले में पुलिस गहनता से जांच में जुटी हुई है। इस बीच खबर है कि धमकी भरा ऑडियो मेसेज भेजने वाला व्यक्ति लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस को आशंका है कि रणवीर सिंह के मैनेजर को जो वॉइस नोट भेजा गया था उसमें आवाज लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य हैरी बॉक्सर की है।

गौरतलब है कि बीते दिनों रणवीर के मैनेजर को सोशल मीडिया पर एक धमकी भरा ऑडियो संदेश मिला था, जिसमें उनसे 10 करोड़ रुपए की मांग की गई थी। बाद में इस मामले में पुलिस ने रणवीर सिंह की वर्ली स्थित ब्यू मोंड सोसाइटी की सुरक्षा भी बढ़ा दी थी। रणवीर सिंह ही नहीं बीते दिनों सलमान खान के जीजा और ऐक्टर आयुष शर्मा को भी धमकी भरा संदेश मिला था। मुंबई पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

# 'मेरे बारे में लोगों की सोच काफी बदली है'

सनी लियोनी




CONTINUED FROM 1

सनी ने जब बॉलिवुड में कदम रखा तो उनके साथ उनका अतीत भी चर्चा में रहा। अपने एक इंटरव्यू में सनी ने हमें बताया था कि उनके अतीत (अडल्ट स्टार) के कारण बड़े स्टार्स की बीवियां उनसे डरती थीं लेकिन क्या इतने सालों में हालात बदले हैं? इस पर वह कहती हैं, 'जो बात मैंने पहले कही थी। लेकिन अब इतना जरूर कहूंगी कि मैंने अतीत में जो भी कहा हो, मगर साल दर साल और प्रोजेक्ट दर प्रोजेक्ट लोगों के नजरिए में फर्क आया है। आप जैसे-जैसे सीनियर और अनुभवी होते जाते हैं, लोगों की सोच बदलती जाती है। दैसिहर, मेरे लिए सभी अच्छे रहे। मुझे ऐसा कभी कोई नहीं मिला, जो मेरे प्रति रूड रहा हो। आप जब किसी कलाकार या उनके परिवार को मिलते हैं, तो सभी से अच्छे से ही मिलते हैं। लेकिन उसके बाद जो होता है, उसका मुझे पता नहीं। मेरे सामने तो सभी अच्छे रहे हैं।'

## 'जिम्मेदारियां अच्छी हैं'

काम के साथ मां और पत्नी की जिम्मेदारी को बैलेंस करने के बारे में सनी हमसे कहती हैं, 'इसके अलावा और कोई चारा भी तो नहीं है। बिजनेस है तो उसे भी संभालना है। बच्चे हैं, तो उनको भी देखना है। मुझे अपनी जिम्मेदारियां अच्छी लगती हैं।'

## 'जब तालियां बजीं, तब मैं रो पड़ी थी'

Cannes फिल्म फेस्टिवल में सनी की फिल्म कैनेडी को सात मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला। वह कहती हैं, 'मैं ये देखकर रो पड़ी थी। मैंने देखा कि करीब दो हजार लोग खड़े होकर तालियां बजा रहे थे।'





See our Exclusive Luxury Collection, VIP Room at Connaught Place & Omaxe Chowk, Chandni Chowk. Open all days | customer care: +91 9310884100

End of Reason
SALE
FLAT 45% OFF ON SELECTED STOCK

Luxury Boutique Now Open at Unity One Elegante, NSP, Delhi
Flagship Stores Now Open at Omaxe Mall, Chandni Chowk, Delhi

Delhi : Connaught Place | Ambience Mall, Vasant Kunj | Pacific Mall, Tagore Garden
Pacific Mall, NSP | Vegas Mall, Dwarka | Kurta Story, D21, Pacific Mall, Dwarka
Gurgaon : Kurta Story, Airia Mall, Sector 68 | Ambience Mall | Sector 14, Main Banking Lane
Noida : DLF Mall of India | GIP Mall | Gaur City Mall
Ghaziabad : North India Mall (Shipra Mall), Indirapuram | Faridabad : Pacific Mall of Faridabad




PITAMPURA ♥ CONNAUGHT PLACE ♥ MALL OF INDIA, NOIDA ♥ CITY CENTRE GURUGRAM
*Also at* LUCKNOW - LULU MALL ♥ HAZRAT GANJ
SHOP INSTORE AND AT WWW.GREENWAYS.CO INSTA: GREENWAYSDELHI

CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 14-02-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDINDRAD User: cci Time: 02-13-2026 14:54 Color:



# पति रॉकी के साथ वैलेंटाइंस डे मनाना अच्छा लगता है: हिना


Tejas Kudtarkar

हिना खान अपने पति रॉकी जायसवाल के साथ

हस्ती वोहरी

हिना खान और रॉकी जायसवाल साल 2009 में टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के सेट पर मिले थे और 2025 में दोनों शादी के बंधन में बंध गए। हिना के लिए वैलेंटाइंस डे सिर्फ प्यार का दिन नहीं, बल्कि डबल सेलिब्रेशन का मौका होता है। दरअसल, इसी दिन उनके पति का जन्मदिन भी होता है। वैलेंटाइंस डे को लेकर हिना और रॉकी ने अपने रिश्ते और शादीशुदा जिंदगी को लेकर हमसे खुलकर बात की। वह कहती हैं, 'मेरी जिंदगी के साथी के साथ प्यार का यह डबल सेलिब्रेशन है। पूरे साल रॉकी ने मेरा बहुत ख्याल रखा है, इसलिए उनके जन्मदिन पर मैं उन्हें खास महसूस कराने के मिशन पर रहती हूं।' वह आगे कहती हैं, 'लेकिन साल में एक दिन ऐसा भी होता है जब हर लड़की खुद को खास महसूस करना चाहती है। यह थोड़ा बचकाना लग सकता है, लेकिन मुझे वैलेंटाइन डे मनाना अच्छा लगता है।' शादी के फैसले पर हिना कहती हैं, 'मैंने रॉकी से कहा, अब शादी कर लेते हैं। रॉकी ने भी कहा कि मैं पहले से तैयार था।'

## 'हर समय साथ रहना चाहते हैं'

शादी के बाद आए बदलावों पर हिना कहती हैं, 'हम हमेशा एक-दूसरे को स्पेस देने में विश्वास रखते थे और आज भी रखते हैं। शादी से पहले मैं अक्सर कहती थी कि मुझे अपना स्पेस चाहिए, लेकिन अब मेरे लिए यह बदल गया है। अब हम ज्यादा से ज्यादा समय साथ बिताना चाहते हैं।' रॉकी का नजरिया इस मामले में शुरू से एक जैसा रहा है। वह कहते हैं, 'मेरे लिए हमेशा यही रहा है कि मैं उनके करीब रहूं। शुरुआत में लगता है कि जिंदगी अनमोल है, इसलिए ज्यादा समय साथ बिताना चाहिए। बाद में समझ आता है कि जिंदगी को कीमती क्या बनाता है, और फिर आप उसी के पास रहना चाहते हैं। मेरे लिए वह हिना है।'

## 'सादगी भरी लेकिन यादगार शादी'

हिना की शादी बेहद सादगी से हुई थी। वह बताती हैं, 'शादी की ज्यादा तैयारियां पहले से नहीं की गई थीं। लोगों ने खूबसूरत सजावट, मेहंदी आर्टिस्ट और वेडिंग आउटफिट देखा, लेकिन सच यह है कि शादी से दो-तीन दिन पहले तक कोई बड़ी तैयारी नहीं थी। करवा चौथ पर जो आउटफिट मैंने पहना था, वही मैं शादी में पहनने वाली थी।' हिना आगे कहती हैं, 'धीरे-धीरे सब कुछ अपने आप सही समय पर जुड़ता गया। मैं मनीष मल्होत्रा से एक इवेंट फिटिंग के लिए मिली। उन्हें पता चला कि मैं शादी कर रही हूं और उन्होंने मेरा वेडिंग आउटफिट डिजाइन करने का फैसला लिया। शुरुआत में हमने सोचा था कि सोफे पर बैठकर कागजों पर साइन कर लेंगे, लेकिन कई लोग और हालात ऐसे जुड़े कि हमारी शादी फिर यादगार बन गई।'

## मुश्किल वक्त में रॉकी ने नहीं छोड़ा हिना का साथ

साल 2024 में हिना को ब्रेस्ट कैंसर का पता चला था। इस कठिन दौर में रॉकी उनके साथ मजबूती से खड़े रहे। रॉकी कहते हैं, 'यह तो सबसे सामान्य बात है, जो कोई भी अपने साथी के लिए करेगा।' हिना कहती हैं, 'हमारी जिंदगी के तूफान यह तय नहीं करेंगे कि हम एक-दूसरे से कितना प्यार करते हैं। हम हर हाल में साथ हैं, चाहे जैसा भी समय हो।'

# डॉन 3 के लिए मुझे नहीं किया गया अप्रोच: रितिक


@hrithikroshan

रितिक रोशन को लेकर ऐसी चर्चाएं थीं कि 'डॉन 3' में रणवीर सिंह की जगह उनको कास्ट किया गया है। अब रितिक ने एक इंटरव्यू में कहा है कि उन्हें कभी भी डॉन 3 के लिए अप्रोच नहीं किया गया है।

रितिक ने इसके साथ ही सोशल मीडिया पर एक इमोशनल नोट साझा किया। रितिक ने कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वह बर्फ से ढके पहाड़ों, शांत झील और नीले आसमान के नीचे नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा, 'यह बिल्कुल मेरे सिर के ऊपर और सामने है। मैं अपने सामने इन चीजों में खुद का ही अंश साफ तौर पर देखता हूं। बदलाव आ रहा है, जिसका इंतजार लंबे समय से था।'

उन्होंने आगे लिखा, 'मैं आजाद हूं, बिल्कुल प्रकृति की तरह। कुछ पल के लिए मैं इस दुनिया की अनमोल धरोहर के बीच आराम करता हूं।'

# राजपाल के वकील बोले, बॉलिवुड से मिल रही है मदद



राजपाल यादव की जमानत याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई सोमवार तक स्थगित कर दी गई है। इस बीच उनके वकील भास्कर उपाध्याय ने कहा कि राजपाल की जमानत याचिका पर अभी दूसरे पक्ष ने जवाब नहीं दिया है, इसलिए अदालत ने सुनवाई टाल दी।

उन्होंने आगे बताया कि वह 50 लाख रुपये का चेक लेकर अदालत पहुंचे थे और भुगतान करने के लिए तैयार हैं। राजपाल को फिल्म इंडस्ट्री से काफी सपोर्ट मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं बताऊंगा कि किसने कितना पैसा दिया, लेकिन उन्हें मदद जरूर मिल रही है।' राजपाल यादव के वकील ने यह भी कहा है कि एक फिल्म के लिए फाइनेंसर ने 5 करोड़ का निवेश किया था, जिसे लौटाने से राजपाल यादव ने कभी इनकार नहीं किया।



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in